PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Wed, 16 Aug 2017, Page 7
Width: 8.87 cms, Height: 14.65 cms, a4, Ref: 19.2017-08-16.66

पीएम ने तीन तलाक पर मुस्लिम महिलाओं की लड़ाई को सराहा

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन तलाक पर मुस्लिम महिलाओं की लड़ाई की तारीफ की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस लड़ाई में पूरा देश उनके साथ है। मुस्लिम महिलाओं ने तीन तलाक, बहु-विवाह और हलाला जैसी प्रथाओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। तीन तलाक पर अदालत ने 18 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। माना जा रहा है कि अदालत इस हफ्ते अपना फैसला सुना सकती है।

प्रधानमंत्री ने लालकिले की प्राचीर से अपने संबोधन में उन महिलाओं के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि तीन तलाक के कारण उन्हें दुखद जीवन जीना पड़ रहा है। लेकिन, इन महिलाओं ने हार नहीं मानी और इसके खिलाफ एक आंदोलन चलाया। उन्होंने कहा कि अधिकार की इस लड़ाई में पूरा देश उनके साथ है। सामाजिक जंग के साथ-साथ यह ऐसा मसला है जो राजनीतिक विवाद का भी कारण रहा था। कुछ विपक्षी दलों ने जहां इसे एक समान कानून (सिविल कोड) की शुरुआत के रूप में दिखाया था। वहीं, कई स्थानों पर खुद मुस्लिम महिलाओं ने इस प्रयास के लिए मोदी का स्वागत किया था। भाजपा कार्यकर्ताओं को भी स्पष्ट संदेश था कि ऐसी किसी महिला को न्याय दिलाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने गर्मी की छुट्टियों के दौरान लगातार तीन तलाक प्रथा की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की थी।